गोरखनाथ ब्लड बैंक अपने स्थापना काल जुलाई वर्ष 2005 से ही निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहा है।

रक्त का एक आवश्यक अवयव प्लेटलेट जो अब एक सामान्य नागरिक के भी जानकारी में है उसकी आपूर्ति का कीर्तिमान यह ब्लड बैंक बना रहा है। वैसे तो पूर्व में 90 से 95 इकाई प्लेटलेट की एक कार्य दिवस में आपूर्ति हुई है, परंतु इस वर्ष 2 अक्टूबर 2022 में सर्वाधिक 74 इकाई की आपूर्ति की गई है। आपको अवगत करा दें कि इस मौसम में विषाणु जनित रोग विशेष रुप से डेंगू महामारी में प्लेटलेट की भारी कमी हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता बढ़ जाती है। रक्त दाताओं के पूर्ण सहयोग तथा उनके द्वारा रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के कारण ही यह ब्लड बैंक यह उपलब्धि प्राप्त कर सका है। सभी रक्तदाता ओं का हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।